छत्तीसगढ़ विधानसभा
पत्रक भाग-एक
संक्षिप्त कार्य विवरण
गुरुवार, दिनांक 17 फरवरी, 2011
(माघ-28, शक संवत् 1932)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

सदन में **वन्दे मातरम्** की धुन बजाई गई ।

2. महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार महामहिम राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई।

महामहिम राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

महामहिम राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

महामहिम राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)

सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

3. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री देवजी पटेल, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि "महामहिम राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।"

श्री संतोष बाफना, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनाँक 22, 23 एवं 24 फरवरी, 2011 की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर शुक्रवार, दिनाँक 18 फरवरी, 2011 के अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

4. निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री कुमार भारतीय, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री बद्रीनाथ बघेल, अविभाजित मध्यप्रदेश शासन के पूर्व उपमंत्री तथा श्री प्यारेलाल कंवर, अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री के प्रति शोकोद्गार व्यक्त किये ।

मुख्यमंत्री-डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष-श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य सर्वश्री दूजराम बौद्ध, अजीत प्रमोद कुमार जोगी, डॉ.हरिदास भारद्वाज, सर्वश्री बोधराम कंवर, अमितेष शुक्ल, गृह मंत्री-श्री ननकीराम कंवर तथा डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए ।

माननीय अध्यक्ष ने सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की ।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

(दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही 12.40 बजे स्थगित होकर 12.49 बजे पुनःप्रारंभ हुई)

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)

5. कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

माननीय अध्यक्ष महोदय ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक गुरुवार, दिनांक 17 फरवरी, 2011 की निम्नांकित सिफारिशों से सदन को अवगत कराया :-

वित्तीय कार्य	निर्धारित समय
1. वर्ष 2010-2011 के तृतीय अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन,विचार एवं पारण	- 03 घंटे
2 वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक से संबंधित मंत्रियों के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हेतु इस प्रकार समय का निर्धारण किया गया है-	
1. डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री	- 04 घंटे
2. श्री ननकीराम कंवर, गृह मंत्री	- 03 घंटे 30 मिनट
3. श्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय कार्य मंत्री	- 03 घंटे
4. श्री राम विचार नेताम, पंचायत मंत्री	- 03 घंटे 30 मिनट
5. श्री पुन्नू लाल मोहले, खाद्य मंत्री	- 03 घंटे
6. श्री चन्द्रशेखर साहू, कृषि मंत्री	- 03 घंटे
7. श्री अमर अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री	- 03 घंटे
8. श्री हेमचंद यादव, जल संसाधन मंत्री	- 03 घंटे
9. श्री विक्रम उसेण्डी, वन मंत्री	- 02 घंटे 30 मिनट
10.श्री राजेश मूणत, नगरीय प्रशासन मंत्री	- 03 घंटे
11.श्री केदारनाथ कश्यप, आदिम जाति विकास मंत्री	- 03 घंटे 30 मिनट
12.सुश्री लता उसेण्डी, महिला एवं बाल विकास मंत्री	- 02 घंटे 30 मिनट
13.श्री दयालदास बघेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री	- 02 घंटे 30 मिनट

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि शनिवार, दिनांक 26 फरवरी, 2011 को भी सभा की बैठक होगी तथा इस दिन वित्तीय वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक का उपस्थापन पूर्वाह्न 11.00 बजे किया जाएगा।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि सदन कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

6. अशासकीय संकल्पों के लिये समय निर्धारण की घोषणा

माननीय अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार दिनांक 18 फरवरी, 2011 के अशासकीय दिवस हेतु निर्धारित 3 अशासकीय संकल्पों पर चर्चा हेतु निम्नानुसार समय निर्धारित किया गया:-

अशासकीय संकल्प क्रमांक	सदस्य का नाम	आबंटित समय
1. (क्रमांक-01)	डॉ.हरिदास भारद्वाज	45 मिनट
2. (क्रमांक-12)	महंत रामसुंदर दास	1 घंटा
3. (क्रमांक-04)	श्री संतोष बाफना	45 मिनट

7. सदन को सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि-विधान सभा परिसर स्थित खेल मैदान में **खेल प्रशाला** निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम सभा की बैठक के तत्काल पश्चात् आयोजित किया गया है।

अपराह्न 12.52 बजे विधान सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनाँक 18 फरवरी, 2011 (माघ 29, शक संवत् 1932) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा